क्लॉड 3 AI चैटबॉट

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्टार्ट-अप एंथ्रोपिक ने **क्लॉड 3** नामक AI मॉडल के अपने नवीनतम शृंखला की घोषणा की। एंथ्रोपिक के अनुसार यह "संज्ञानात्मक कार्यों की एक विस्तृत शृंखला के संबंध में नए उद्योग मानक स्थापित करता है"।

- इस शृंखला में **तीन अत्याधुनिक AI मॉडल** शामिल हैं- क्लॉड 3 हाइकु, क्लॉड 3 सॉनेट और क्लॉड 3 ओपस (क्षमता के आरोही क्रम में वर्णित)।

नोट:

- एंथ्रोपिक (Anthropic), OpenAI का प्रतिद्वंद्वी है जिसकी शुरुआत ChatGPT मेकर में शामिल पूर्व के अभिकर्त्ताओं द्वारा की गई थी।
- OpenAI का बिज़िनेस पार्टनर माइक्रोसॉफ्ट है जबकि एंथ्रोपिक का प्राथमिक **क्लाउड कंप्यूटिंग पार्टनर अमेज़ॅन** है।

क्लॉड 3 क्या है?

- **परिचय:**
  - क्लॉड, एंथ्रोपिक द्वारा विकसित **लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)** का एक समूह है।
    - LLM जेनरेटिव AI मॉडल का एक विशिष्ट वर्ग है जिसे मानव की भाँति संदेश को समझने और उत्पन्न करने के लिये प्रशिक्षित किया जाता है।
  - **चैटबॉट टेक्स्ट, वॉयस मैसेज** और **दस्तावेज़ों** को संभालने में सक्षम है।
  - चैटबॉट अपने प्रतिस्पर्द्धियों की तुलना में तेज़, **प्रासंगिक रेस्पॉन्स जेनरेट** करने में सक्षम है।
- **ट्रेनिंग:**
  - क्लाउड स्रोतों में **इंटरनेट और कुछ लाइसेंस प्राप्त डेटासेट** शामिल हैं जो दो तरीकों, **सुपरवाइज़्ड लर्निंग (SL)** तथा **रीइन्फोर्समेंट लर्निंग (RL)** का उपयोग करते हैं।
  - SL चरण में, LLM संकेतों पर रेस्पॉन्स जेनरेट करता है और फिर गाइडिंग प्रिंसिपल के एक सेट के आधार पर उनका **स्व-मूल्यांकन** करता है।
    - यह बाद में रेस्पॉन्स को संशोधित करता है और इसके निर्माताओं के अनुसार, इस रेस्पॉन्स का उद्देश्य**AI के आउटपुट के हानिकारक प्रभावों को कम करना** है।
  - RL चरण में **AI-जनित फीडबैक के आधार पर मॉडल की ट्रेनिंग** शामिल है, जिसमें AI के वैधानिक सिद्धांतों के एक सेट के आधार पर रेस्पॉन्स का मूल्यांकन करता है।
    - इन तरीकों और सामान्य दृष्टिकोण का चयन क्लाउड को सहायक एवं हानिरहित बनाने के उद्देश्य से किया गया है।
- **क्लाउड 3:**
  - नई रिलीज़ों में, **क्लाउड 3 ओपस** सबसे शक्तिशाली मॉडल है, क्लाउड 3 सॉनेट मध्य मॉडल है जो सक्षम और कीमत प्रतिस्पर्द्धी है तथा क्लाउड 3 हाइकु किसी भी उपयोग के मामले हेतु प्रासंगिक है जिसके लिये तत्काल प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है।
    - क्लाउड सॉनेट वर्तमान में Claude.ai चैटबॉट को निःशुल्क संचालित करता है और उपयोगकर्त्ताओं को केवल एक ई-मेल साइन-इन की आवश्यकता होती है।
    - हालाँकि ओपस केवल एंथ्रोपिक के वेब चैट इंटरफेस के माध्यम से उपलब्ध है और यदि किसी उपयोगकर्त्ता ने एंथ्रोपिक वेबसाइट पर क्लाउड प्रो सेवा की सदस्यता ली है।
- **क्लाउड 3 की सीमाएँ:**
  - क्लॉड 3 तथ्यात्मक प्रश्नों का उत्तर देने और ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR) यानी छवियों से पाठ निकालने की क्षमता जैसे कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करता है।
    - कथित तौर पर नया मॉडल निर्देशों का पालन करने और शेक्सपियरियन सॉनेट लिखने जैसे कार्यों को पूरा करने में अच्छा है।
  - हालाँकि कई बार इसे **जटिल तर्क एवं गणितीय समस्याओं से जूझना** पड़ता है। इसने **अपनी प्रतिक्रियाओं में पूर्वाग्रहों का भी प्रदर्शन** किया, जैसे- दूसरों की तुलना में **एक निश्चित नस्लीय समूह का पक्ष लेना**।

और पढ़ें...लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स, ChatGPT चैटबोट, AI के नैतिक प्रभाव

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

???????????:

प्रश्न. विकास की वर्तमान स्थिति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), निम्नलिखित में से किस कार्य को प्रभावी रूप से कर सकती है? (2020)

1. औद्योगिक इकाइयों में विद्युत की खपत कम करना
2. सार्थक लघु कहानियों और गीतों की रचना
3. रोगों का निदान
4. टेक्स्ट-से-स्पीच (Text-to-Speech) में परिवर्तन
5. विद्युत ऊर्जा का बेतार संचरण

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2, 3 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/claude-3-ai-chatbot